भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 29

(जिसका उत्तर मंगलवार, 11 दिसम्बर, 2018/20 अग्रहायण, 1940 (शक) को दिया जाना है।)

स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के तहत स्वर्ण आस्तियों का संग्रहण

29. श्री मो. नदीमुल हकः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत दो वर्षों के दौरान स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के तहत व्यक्तियों से संग्रहीत स्वर्ण का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत दो वर्षों के दौरान स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के तहत धार्मिक तथा अन्य निकायों से संग्रहीत स्वर्ण का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना से किस हद तक स्वर्ण के आयात को नियंत्रित करने और जवाहरात उद्योग को लाभ पहुंचाने में मदद मिली है; और

(घ) उक्त योजना से पुनर्प्रयुक्त स्वर्ण में किस हद तक वृद्धि हुई है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पोन्. राधाकृष्णन)

(क) पिछले दो वर्षों अर्थात् वित्त वर्ष 2016-17 और वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के तहत व्यक्तियों/हिंदू अविभक्त कुटुंब (एचयूएफ) से लगभग **1134 किलोग्राम** स्वर्ण संगृहीत किया गया हैः

वर्ष	व्यक्तियों/एचयूएफ द्वारा निक्षेपित स्वर्ण की मात्रा **(ग्राम में)**
वित्त वर्ष 2016-17	6,05,539.06
वित्त वर्ष 2017-18	5,28,899.54
कुल	**11,34,438.60**

(ख) पिछले दो वर्षों अर्थात् वित्त वर्ष 2016-17 और वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के तहत मंदिरों/न्यासों, म्युचुअल फंड/स्वर्ण ईटीएफ और अन्य निकायों अर्थात् कंपनियों/फर्मों आदि से लगभग **10,872 किलोग्राम** स्वर्ण संगृहीत किया गया है।

वर्ष	धार्मिक और अन्य निकायों द्वारा निक्षेपित स्वर्ण की मात्रा **(ग्राम में)**
वित्त वर्ष 2016-17	44,88,446.33
वित्त वर्ष 2017-18	63,83,147.22
कुल	**1,08,71,593.55**

(ग) इससे जवाहरात उद्योग को लाभ हुआ है। स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के तहत संगृहीत स्वर्ण का प्रयोग स्वर्ण धातु ऋण के रूप में स्वर्ण उधार देने के लिए किया जा रहा है। यह देखा जा सकता है कि पिछले चार वर्षों के दौरान स्वर्ण आयातों में निम्नानुसार कोई महत्वपूर्ण वृद्धि नहीं रही हैः

अवधि	**मीट्रिक टन में आयातित मात्रा**	**बिलियन अमरीकी डॉलर में आयात मूल्य**
2014-15	915.47	34.41
2015-16	968.06	31.77
2016-17	780.15	27.52
2017-18	955.33	33.66

(घ) इस योजना के तहत भारत में परिवारों, न्यासों और विभिन्न संस्थाओं के पास निष्क्रिय रखे स्वर्ण का निक्षेप किया जाता है। **अतः, इस योजना से पुनर्प्रयुक्त स्वर्ण में स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के तहत संगृहीत स्वर्ण की सीमा तक वृद्धि हुई है।**

******